
Class 12 History Question Bank



अनुक्रमणिका

सरल क्र.	विषय/ अध्याय क्र.	विषय/अध्याय का नाम	पृष्ठ क्र.
		भारतीय इतिहास के कुछ विषय भाग-1	
1.	विषय-1	ईंटें मनके तथा अस्थियां हड़प्पा सभ्यता	5
2.	विषय-2	राजा, किसान और नगर आरंभिक राज्य और अर्थव्यवस्थाएं (लगभग 600 ई.पू.से 600 ईसवी)	9
3.	विषय-3	बंधुत्व जाति तथा वर्ग आरंभिक समाज (लगभग 600 ई.पू.से 600 ईसवी)	14
4.	विषय-4	विचारक विश्वास और इमारतें (सांस्कृतिक विकास 600 ई.पू.से 600 ईसवी तक)	18
		भारतीय इतिहास के कुछ विषय भाग-2	
5.	विषय- 5	यात्रियों के नजरिए समाज के बारे में उनकी समझ (लगभग दसवीं से सत्रहवीं सदी तक)	22
6.	विषय-6	भक्ति-सूफी परम्पराएँ धार्मिक विश्वासों में बदलाव और श्रद्धा ग्रंथ (लगभग आठवीं से अठारहवीं सदी तक)	26
7.	विषय- 7	एक साम्राज्य की राजधानी विजयनगर (लगभग चौदहवीं से सोलहवीं सदी तक)	31
8.	विषय -8	किसान जमींदार और राज्य कृषि समाज और मुगल साम्राज्य (लगभग सोलहवीं और सत्रहवीं सदी)	36
		भारतीय इतिहास के कुछ विषय भाग-3	
9.	विषय -10	उपनिवेशवाद और देहात सरकारी अभिलेखों का अध्ययन	40
10.	विषय -11	विद्रोही और राज 1857 का आन्दोलन और उनके आख्यान	44
11.	विषय -13	महात्मा गाँधी और राष्ट्रीय आंदोलन सविनय अवज्ञा और उससे आगे	48
12.	विषय -15	संविधान का निर्माण नये युग की शुरूआत	54
13		मानचित्र	59
14.		उत्तरमाला	67

docs.aglasem.com

aglasem.com

विषय-1 ईंटें मनके तथा अस्थियां
हड़प्पा सभ्यता

माध्यमिक शिक्षा मंडल म.प्र.भोपाल द्वारा शैक्षिक सत्र 2022-23 हेतु जारी ब्लू प्रिंट अनुसार इस अध्याय से कुल 06 अंक के प्रश्न पूछें जायेंगे |जिसका विवरण निम्नानुसार हैं |

अंकवार प्रश्नों की संख्या				कुल अंक
वस्तुनिष्ठ प्रश्न 1 अंक	अति लघुउत्तरीय प्रश्न 2 अंक	लघुउत्तरीय प्रश्न 3 अंक	विश्लेषणातमक प्रश्न 4 अंक	
4	1	-	-	6

<u>स्मरणीय बिंदु -:</u>

* प्राचीन भारत की पहली सभ्यता हड़प्पा सभ्यता है ।
* यह संस्कृति पहली बार हड़प्पा नामक स्थान पर खोजी गई थी इसलिए उसी के नाम पर इस संस्कृति का नाम रखा गया है।
* हड़प्पा पाकिस्तान के पंजाब प्रांत में मोंटगोमरी जिले में रावी नदी के बाएं तट पर स्थित है । इस सभ्यता को सिंधु घाटी सभ्यता भी कहा जाता है।
* इस सभ्यता का विस्तार प्रारंभ में 12 लाख 99 हजार 600 वर्ग K.M निर्धारित किया गया था । जो अब 15–20 लाख वर्ग कि.मी. के आस – पास संभावित है ।
* सिंधु सभ्यता के लिए सुझाया गया नाम सिंधु-सरस्वती संस्कृति / हडप्पा सभ्यता है।
* सिंधु लिपि को पढ़ने का प्रथम प्रयास 1925 में वेंडेल ने तथा नवीतम प्रयास नटवर झा ,घनपत सिंह धान्या आदि ने किया लेकिन अभी तक भी सिंधु लिपि को प्रमाणित रूप से पढ़ा नही जा सका है ।
* सिंधु लिपि भावचित्रात्मक है । अर्थात चित्रो के माध्यम से भावो को अभिव्यक्त करना ।
* हड़प्पा अथवा सिंधु घाटी सभ्यता की सबसे विशेष प्राचीन वस्तुऐं मोहरें है।
* हडप्पाई मोहरों का निर्माण सेलखड़ी नामक पत्थर से किया गया था।
* हड़प्पा सभ्यता एक नगरीय सभ्यता थी ।
* हड़प्पा सभ्यता मिश्र तथा मेसोपोटामिया सभ्यता के समकालीन थी।
* सिंधु घाटी सभ्यता का खोजा गया प्रथम स्थल हड़प्पा था।
* हड़प्पावासियों का मुख्य व्यवसाय कृषि था।
* हड़प्पा काल में बर्तन पत्थर तथा धातु को मिट्टी के बनाए जाते थे।
* हड़प्पा सभ्यता में बलुआ पत्थर से बनी अवतल चकिया भी मिली हैं1
* हडप्पा सभ्यता का सबसे महत्वपूर्ण शहर मोहनजोदड़ो था।
* मोहनजोदड़ो एक सुनियोजित शहर था यहां की सड़कें गलियां एक दूसरे को समकोण पर काटती थी।
* हड़प्पा सभ्यता का काल निर्धारण लगभग 2600 ई.पू. से1900ई.पूर्व के बीच किया गया हैं ।
* सिंधु घाटी सभ्यता के स्थल मोहनजोदड़ो से एक विशाल स्नानागार प्राप्त हुआ है।

docs.aglasem.com
aglasem.com

* हड़प्पा सभ्यता के महत्वपूर्ण स्थल शोर्तुघई (अफगानिस्तान) नामक स्थल से नहर द्वारा सिंचाई के अवशेष मिले हैं।
* हड़प्पा वासी लोहे से अवगत नहीं थे।
* हड़प्पा सभ्यता के स्थल कालीबंगा (राजस्थान) से जुते हुए खेत के साक्ष्य मिले हैं।
* हड़प्पावासी खेत जोतने के लिए बैलों का उपयोग करते थे।
* हड़प्पा सभ्यता के नवीनतम स्थल धौलावीरा गुजरात में मिले जलाशयों का प्रयोग संभवत: कृषि के लिए जल संचयन हेतु किया जाता था।
* भारतीय पुरातात्विक सर्वेक्षण के पहले डायरेक्टर जनरल अलेक्जेंडर कनिंघम थे, जिन्हें भारतीय पुरातत्व का जनक भी कहा जाता है।
* हड़प्पा शहरों की सबसे अनूठी विशेषता में से एक जल निकासी प्रणाली थी।
* सड़कों तथा गलियों को लगभग एक ग्रिड पद्धति में बनाया गया था और एक दूसरे को समकोण पर काटती थी।
* मोहनजोदड़ो में प्राप्त कुंओं की कुल संख्या 700 थी।
* हड़प्पा स्थलों से मिले शवाधानों में आमतौर पर मृतकों को गर्तों में दफनाया गया था।
* कुछ कब्रों में मृदभांड तथा आभूषण मिले हैं जो संभवत: एक ऐसी मान्यता की ओर संकेत करते हैं कि इन वस्तुओं को मरणोपरांत प्रयोग किया जा सकता था।
* पुरुषों एवं महिलाओं दोनों के शवाधानों से आभूषण मिले हैं।
* हड़प्पा सभ्यता के निवासियों का मृतकों के साथ बहुमूल्य वस्तुएं दफनाने में विश्वास नहीं था।
* हडप्पा सभ्यता के खेतड़ी क्षेत्र में मिले साक्ष्यों को पुरातत्विदों ने गणेश्वर-जोधपुरा संस्कृति का नाम दिया है।
* मेसोपोटामिया के कई लेख मेलुहा को नाविकों का देश कहते हैं।
* हडप्पा सभ्यता की लिपि चित्रात्मक थी।
* हड़प्पा सभ्यता के सबसे लंबे अभिलेख में लगभग 26 चिन्ह हैं।
* हड़प्पा सभ्यता की लिपि दाई से बाई ओर लिखी जाती थी।
* हडप्पावासी विनिमय बांटो की एक सूक्ष्म या परिशुद्ध प्रणाली द्वारा नियंत्रित थे।
* हड़प्पा वासियों के बाट सामान्यतः चर्ट नामक पत्थर से बनाए जाते थे।
* हड़प्पा में एक पत्थर की मूर्ति को ' पुरोहित -राजा ' की संज्ञा दी गई थीऔर यह नाम आज भी प्रचलित हैं।
* सन 1924 में भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण के डायरेक्टर जनरल जॉन मार्शल ने पूरे विश्व के समक्ष सिंधु घाटी में एक नवीन सभ्यता की खोज की घोषणा की।

प्रश्न-1 सही विकल्प चुनकर लिखिए -

i. हड़प्पा सभ्यता की सबसे विशिष्ट पुरावस्तु है-
(अ) हड़प्पाई आभूषण (ब) हड़प्पा मृदभाण्ड
(स) हड़प्पाई मोहर (द) उपरोक्त में से कोई नहीं

ii. हड़प्पाई मोहर किस वस्तु की बनी हुई थी-
(अ) लोहे की (ब) मिट्टी की
(स) सेलखड़ी पत्थर की (द) उपरोक्त सभी की

iii. सिंधु घाटी सभ्यता के किस स्थल से जुते हुए खेत के साक्ष्य प्राप्त हुए हैं-
(अ) रोपड़ (पंजाब) (ब) शोर्तुघई (अफगानिस्तान)
(स) कालीबंगा (राजस्थान) (द) उपरोक्त सभी

docs.aglasem.com
aglasem.com

iv. निम्न में से किस स्थल से सिंधु घाटी सभ्यता के अवशेष प्राप्त नहीं हुए हैं-

(अ) अफगानिस्तान (ब) चोलिस्तान

(स) केरल (द) जम्मू

v. भारतीय पुरातत्व के जनक कौन थे-

(अ) जॉन मार्शल (ब) व्हीलर

(स) दयाराम साहनी (द) अलेक्जेंडर कनिंघम

Vi. भारत में लिंग पूजा किस काल में प्रारंभ हुई-

(अ) वैदिक काल में (ब) गुप्त काल में

(स) मौर्य काल में (द) हड़प्पा काल में

Vii. हड़प्पा लिपि लिखी जाती थी-

(अ) बाएं से दाएं ओर (ब) दाएं से बाएं ओर

(स) ऊपर से नीचे की ओर (द) उपरोक्त में से कोई नहीं

Viii. सिंधु घाटी सभ्यता के पतन का कारण था -

(अ) बाढ़ (ब) नदियों का सूखना (सूखा)

(स) जलवायु परिवर्तन (द) उपरोक्त सभी

ix. हड़प्पा सभ्यता का काल था-

(अ) 1500 ई०पू० से 1000 ई० पू० (ब) 2600ई०पू० से1900 ई० पू०

(स) 1000 ई०पू० से 600 ई०पू० (द) उपरोक्त में से कोई नहीं

x. सिंधु घाटी सभ्यता का पूजनीय पशु था-

(अ) हाथी (ब) बेल

(स) गाय (द) घोड़ा

प्रश्न -2 रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए-

i. हड़प्पा की खोज सन---------- ई. में की गई।

ii. ---------- नामक हड़प्पा स्थल से नहरों के अवशेष मिले हैं।

iii. मोहनजोदड़ो का शाब्दिक अर्थ ..... है

iv. सिंधु घाटी सभ्यता का सबसे पहले खोजा गया स्थल -------है।

v. ---------- घिसी हुई रेत अथवा बालू तथा रंग और चिपचिपा पदार्थ के मिश्रण को पकाकर बनाया गया पदार्थ था।

vi. पुरातत्वविदों ने गणेश्वर जोधपुरा संस्कृति नाम ----------क्षेत्र में मिले साक्ष्यों को दिया।

vii. मेसोपोटामिया के कई लेख में----------को नाविकों का देश कहा जाता है।

viii. कई पुरातत्वविदों का मानना है कि हाजा पक्षी ------था।

ix. हड़प्पा सभ्यता के सबसे लंबे अभिलेख में ----------चिन्ह हैं।

x. सिंधु घाटी सभ्यता मैं सड़कों तथा नालियों को एक ------पद्धति से बनाया गया था।

प्रश्न-3 निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर सत्य /असत्य में दीजिए-

i. सिंधु घाटी सभ्यता की लिपि वर्णमाला समान थी ।

ii. हड़प्पाई बाट चर्ट नामक पत्थर से बनाए जाते थे।

iii. सिंधु घाटी सभ्यता में सड़कें तथा गलियां एक दूसरे को समकोण पर काटती थी।

iv. मोहनजोदड़ो में कुआं की कुल संख्या 700 थी।

docs.aglasem.com

aglasem.com

v. भारतीय पुरातत्व का जनक दयाराम साहनी को कहा जाता है।
vi. सिंधु घाटी सभ्यता एक नगरीय सभ्यता थी।
vii. हड़प्पा सभ्यता के निवासी मृतकों के साथ बहुमूल्य वस्तुएं दफनाते थे।
viii. मोहनजोदड़ो में एक विशाल स्नानागार प्राप्त हुआ है।
ix. हड़प्पा सभ्यता से प्राप्त पत्थर की मूर्ति को पुरोहित की संज्ञा दी गई है।
x. हडप्पा सभ्यता के पतन का एक कारण जलवायु परिवर्तन था।

प्रश्न-4 सही जोड़ी बनाइए –

कॉलम (क)		कॉलम (ख)
i	हड़प्पा	अ. भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण के डायरेक्टर
i.	मोहनजोदड़ो	ब. गुजरात
ii.	शोर्तुघई	स. राजस्थान
iv	लोथल	द. भारतीय पुरातत्व के जनक
v.	काली बंगन	ई. दयाराम साहनी
vi.	जॉन मार्शल	फ. हरियाणा
vii.	अलेक्जेंडर कनिंघम	ज. राखल दास बनर्जी
viii.	बनावली	ह. अफगानिस्तान
ix.	रोपड	ए. सिंधु घाटी सभ्यता का नवीनतम स्थल
x.	धोलावीरा	ड. पंजाब

प्रश्न 5 निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर एक शब्द या एक वाक्य में दीजिए।

i. हडप्पा सभ्यता के एक प्रमुख पत्तन का नाम लिखिए1
ii. मोहनजोदड़ो का अर्थ है1
iii. सिंधु घाटी सभ्यता की खोज कब की गई1
iv. भारतीय पुरातत्व का जनक किसे कहा जाता है
v. सिंधु घाटी सभ्यता के किस स्थल पर विशाल स्नानागार मिला है
vi. सिंधु घाटी सभ्यता में सुगंधित द्रव्यों को विशेष पात्रों में रखा जाता था उन्हें कहते थे
vii. हड़प्पा सभ्यता में किस पशु की पूजा की जाती थी
viii. हड़प्पा सभ्यता में किन-किन जानवरों की हड्डियां प्राप्त हुई है1
ix. हड़प्पा सभ्यता की लिपि थी ।
x. हड़प्पा सभ्यता के निवासियों का मुख्य व्यवसाय था।

अति लघु उत्तरीय प्रश्न – **2 अंक**

प्रश्न 6. किन्ही दो विकसित हड़प्पा पुरास्थलों का उल्लेख कीजिए ?
प्रश्न 7. सिंधु घाटी सभ्यता के संदर्भ में टीलों से क्या अभिप्राय है?
प्रश्न 8. मोहन जोदडो नगर की दो विशेषताएं लिखिए ?

docs.aglasem.com
aglasem.com

प्रश्न 9. सिंधु घाटी सभ्यता के संदर्भ में बाटों से क्या अभिप्राय है ?

प्रश्न 10. अलेक्जेंडर कनिंघम कौन थे?

प्रश्न 11. फयाँन्स क्या हैं ? ये कहाँ मिलते हैं ।

प्रश्न 12. जॉन मार्शल कौन थे?

प्रश्न 13. सालन पत्थर से क्या अभिप्राय है?

प्रश्न 14. अवतल चक्की से क्या अभिप्राय है? इनका क्या उपयोग था ।

प्रश्न 15. ग्रिड पद्धति से क्या आशय हैं?

प्रश्न 16. सिंधु घाटी सभ्यता की कोई दो विशेषताएं लिखिए?

प्रश्न 17. सिंधु सभ्यता एक नगरीय सभ्यता थी ? कोई दो बिंदु लिखिए ।

प्रश्न 18. सिंधु वासियों के धार्मिक जीवन की दो विशेषताएं लिखिए?

प्रश्न 19. सिंधु सभ्यता के पतन के लिए उत्तरदायी कोई दो कारण लिखिए ।

प्रश्न 20. हड़प्पा सभ्यता के संपर्क सुदूर क्षेत्रों से थे? उदाहरण द्वारा स्पष्ट कीजिए

विषय- 2 राजा, किसान और नगर

आरंभिक राज्य और अर्थव्यवस्थाएं

(लगभग 600 ई.पू.से 600 ईसवी)

माध्यमिक शिक्षा मंडल म.प्र.भोपाल द्वारा शैक्षिक सत्र 2022-23 हेतु जारी ब्लू प्रिंट अनुसार इस अध्याय से कुल 07 अंक के प्रश्न पूछें जायेंगे |जिसका विवरण निम्नानुसार हैं |

अंकवार प्रश्नों की संख्या				कुल अंक
वस्तुनिष्ठ प्रश्न 1 अंक	अति लघुउत्तरीय प्रश्न 2 अंक	लघुउत्तरीय प्रश्न 3 अंक	विश्लेष्णातमक प्रश्न 4 अंक	
3	-	-	1	7

स्मरणीय बिंदु-

* भारतीय अभिलेख विज्ञान में एक उल्लेखनीय प्रगति 1830 के दशक में हुई जब ईस्ट इंडिया कंपनी के एक अधिकारी जेम्स प्रिंसेप ने ब्राह्मी और खरोष्ठी लिपियों का अर्थ खोज निकाला।
* ब्राह्मी और खरोष्ठी लिपियों का उपयोग आरंभिक अभिलेखों और सिक्कों में किया गया है
* जेम्स प्रिंसेप के अनुसार अभिलेखों और सिक्कों पर प्रियदर्शी यानी मनोहर आकृति वाले राजा का नाम लिखा है।
* कुछ अभिलेखों में अशोक का नाम भी लिखा है।
* बौद्ध ग्रंथों के अनुसार अशोक सर्वाधिक प्रसिद्ध शासकों में से एक था।
* मौर्य वंश के शासक चंद्रगुप्त मौर्य का राज्यारोहण लगभग 321 ईसा पूर्व में हुआ।
* **अभिलेख** उन्हें कहते हैं जो पत्थर धातु या मिट्टी के बर्तन जैसी कठोर सतह पर खुदे हुए होते हैं।
* प्राचीनतम अभिलेख प्राकृत भाषा में लिखे जाते थे।
* प्राकृत उन भाषाओं को कहा जाता था जो जन सामान्य की भाषा थी।

docs.aglasem.com

aglasem.com

* छठी शताब्दी ईसा पूर्व में बौद्ध तथा जैन धर्म के साथ अनेक दार्शनिक विचार धाराओं का उदय हुआ।
* बौद्ध तथा जैन धर्म ग्रंथों में महाजनपद के नाम से 16 राज्यों का उल्लेख मिलता है हालांकि इन ग्रंथों में महाजनपदों के नामों में एकरूपता नहीं है। बज्जि ,मगध, कौशल, कुरू ,गांधार ,पांचाल और अवंती जैसे नामों में एकरूपता है।
* जनपद का अर्थ- एक ऐसा भूखंड जहां कोई जन अपना पॉव रखता है अथवा बस जाता है। इस शब्द का प्रयोग प्राकृत व संस्कृत दोनों भाषाओं में मिलता है।
* अधिकांश महाजनपदों में राजा का शासन होता था लेकिन गण और संघ के नाम से प्रसिद्ध राज्यों में कई लोगों का समूह शासन करता था।
* महावीर स्वामी और गौतम बुद्ध इन्ही गणों से संबंधित थे ।
* प्रत्येक महाजनपद की अपनी एक राजधानी होती थी जिसे प्राय: किलों से घेरा जाता था।
* लगभग छठी शताब्दी ईसा पूर्व से संस्कृत में ब्राह्मणों ने धर्मशास्त्र नामक ग्रंथों की रचना शुरू की और इसमें शासक सहित अन्य के लिए नियमों का निर्धारण किया गया यह अपेक्षा की जाती थी कि शासक क्षत्रिय वर्ण से ही होंगे।
* छठी शताब्दी से चौथी शताब्दी ईसा पूर्व में मगध (आधुनिक बिहार) सबसे शक्तिशाली महाजनपद बन गया।
* प्रारंभ में राजगाह (आधुनिक बिहार के राजगीर का प्राकृत नाम) मगध की राजधानी थी।
* राजगाह का अर्थ राजाओं का घर है ।
* पहाड़ियों के बीच बसा राजगाह एक किलेबंद शहर था।
* चौथी शताब्दी ईसा पूर्व में पाटलिपुत्र को राजधानी बनाया गया जिसे अब पटना कहा जाता है।
* मौर्य साम्राज्य के संस्थापक चंद्रगुप्त मौर्य का शासन पश्चिमोत्तर में अफगानिस्तान और बलूचिस्तान तक फैला हुआ था।
* अशोक ने 261 ई०पू०में कलिंग (आधुनिक उड़ीसा) पर विजय प्राप्त की।
* कलिंग विजय के बाद अशोक का हृदय परिवर्तन हो गया और उसने बौद्ध धर्म अपना लिया।
* चंद्रगुप्त मौर्य के दरबार में आए यूनानी राजदूत मेगास्थनीज द्वारा इंडिका नामक पुस्तक लिखी गई।
* मेगास्थनीज ने इंडिका में भारत की दशा का स्व:भ्रमण के आधार पर वर्णन किया।
* चंद्रगुप्त मौर्य के मंत्री चाणक्य,विष्णुगुप्त,कौटिल्य आदि के नाम से जाने जाते हैं।
* चाणक्य के द्वारा अर्थशास्त्र नामक ग्रंथ लिखा गया।
* अर्थशास्त्र की विषय वस्तु राजनीति है।
* अशोक वह पहला सम्राट था जिसने अपने अधिकारियों और प्रजा के लिए संदेश प्राकृतिक पत्थरों और पॉलिश किए हुए स्तंभों पर लिखवाए।
* अशोक ने अपने स्तंभ लेखों के माध्यम से धर्म का प्रचार किया।
* अशोक के धर्म में बड़ों के प्रति आदर ,सन्यासियों और ब्राह्मणों के प्रति उदारता,सेवकों तथा दासों के साथ उदार व्यवहार तथा दूसरे के धर्मों और परंपराओं का आदर शामिल है।
* इलाहाबाद स्तंभ अभिलेख के नाम से प्रसिद्ध प्रयाग प्रशस्ति की रचना हरिषेण (जो संभवतः गुप्त शासकों में सर्वाधिक शक्तिशाली सम्राट समुद्रगुप्त के राज्य कवि थे) ने संस्कृत में की।
* अशोक के अभिलेखों के अनुसार मौर्य साम्राज्य की पांच प्रमुख राजनीतिक केंद्र थे राजधानी पाटलिपुत्र और चार प्रांतीय केंद्र तक्षशिला तोसली उज्जैनी व सुवर्ण गिरी।
* सुवर्णगिरी (सोने के पहाड़) कर्नाटक में सोने की खदान के लिए उपयोगी था।
* अग्रहार उस भू-भाग को कहते थे जो ब्राह्मणों को दान दिया जाता था।ब्राह्मणों से भूमि कर या अन्य

docs.aglasem.com
aglasem.com

प्रकार के कर नहीं वसूले जाते थे ब्राह्मणों को स्वयं स्थानीय लोगों से कर वसूलने का अधिकार था।

* प्रभावती गुप्त आरंभिक भारत के 1 सबसे महत्वपूर्ण शासक चंद्रगुप्त द्वितीय की पुत्री थी। जिसका विवाह दक्कन पठार के वाकाटक परिवार में हुआ था।
* बाणभट्ट कन्नौज के शासक हर्षवर्धन का राज कवि था हर्षचरित्र उनकी रचना है।
* मनुस्मृति प्राचीन भारत का सर्वाधिक प्रसिद्ध विधि ग्रंथ था। इसकी रचना 200 ई. पूर्व से 200 ई. के बीच संस्कृत भाषा में हुई थी।

प्रश्न 1. सही विकल्प चुनकर लिखिए –

i. मौर्य साम्राज्य के संस्थापक थे–
   अ. चाणक्य ब. धनानंद
   स. चंद्रगुप्त द. समुद्रगुप्त

ii. सबसे प्रसिद्ध कुषाण शासक कौन था
   अ. कनिष्क ब. हुविष्क
   स. वासुदेव द. वशिष्क

iii. निम्न में से ईस्ट इंडिया कंपनी के टकसाल में अधिकारी कौन थे।
   अ. अलेक्जेंडर कर्निंघम ब. जेम्स प्रिंसेप
   स. अशोका द. जियांग जंग

iv. ब्राह्मी और खरोष्ठी लिपि का अर्थ किस वर्ष निकाला गया
   अ. 1830 में ब. 1836 में
   स. 1837 में द. 1838 में

v. सती प्रथा के साथ वाला प्रथम अभिलेख कहां मिला?
   अ. ऐरण (सागर) ब. गुजर्रा (दतिया)
   स. मास्की द.जूनागढ़

vi. अर्थशास्त्र के रचयिता कौन थे
   अ. मेगास्थनीज ब. चंद्रगुप्त मौर्य
   स. कौटिल्य द. धनानंद

vii. मौर्य वंश की स्थापना किस वर्ष में हुई।
   अ. 320 ई.पू.मेंब. 321 ई.पू. में
   स. 324 ई.पू.मेंद. 321 ई. में

viii. मौर्य साम्राज्य के संस्थापक चंद्रगुप्त मौर्य की राजधानी थी।
   अ. तक्षशिला ब. उज्जैनी
   स. स्वर्णगिरि द. पाटलिपुत्र

ix. प्रयाग प्रस्तुति के लेखक हैं।
   अ. कालिदास ब. हरिषेण
   स. मेगास्थनीज द. चाणक्य

x. बौद्ध धर्म का विस्तार सर्वाधिक किस शासक के काल में हुआ।
   अ. हर्षवर्धन ब. समुद्रगुप्त
   स. अशोक द. चंद्रगुप्त

प्रश्न 2. खाली स्थानों की पूर्ति कीजिए–

i. भारत की दशा का आंखों देखा हाल मेगास्थनीज ने अपनी पुस्तक --------में किया।
ii. ---------- चंद्रगुप्त मौर्य के दरबार में यूनानी राजदूत था।
iii. ------ने अपने संदेश पत्थरों और पॉलिश किए हुए स्तंभों पर लिखवाए।

docs.aglasem.com
aglasem.com

iv. --------समुद्रगुप्त के राजकवि थे।

v. घर का मुखिया -------होता है।

vi. आरंभिक भारत का सबसे प्रसिद्ध विधि --------ग्रंथ है।

vii. हर्षवर्धन के राज्य कवि -------थे।

viii. प्रभावती गुप्त की शादी --------राज परिवार में हुई।

ix. सांची के स्तूप का निर्माण ----------शासनकाल में हुआ।

x. सिक्कों के अध्ययन को-------- कहते हैं।

प्रश्न 3. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर सत्य /असत्य में दीजिए-

i. छठी शताब्दी में भारत 16 महाजनपदों में बटा हुआ था।

ii. प्रयाग प्रशस्ति की रचना बाणभट्ट ने की थी।

iii. नेपोलियन की तुलना समुद्रगुप्त से की जाती है।

iv. मेगास्थनीज चंद्रगुप्त मौर्य के शासनकाल में भारत आया था।

v. मौर्य वंश का अंतिम शासक अशोक था।

vi. प्रभावती गुप्त वाकाटक वंश की राजकुमारी थी।

vii. कुषाण शासकों ने देवपुत्र की उपाधि धारण की।

viii. सम्राट अशोक ने सुदर्शन झील का जीर्णोद्धार करवाया।

ix. भूमि का वह भाग जो ब्राह्मणों को दान में दिया जाता था अग्रहार कहलाता था।

x. प्रथम शताब्दी ईस्वी में सोने के सिक्के कुषाण राजाओं ने जारी किए थे।

प्रश्न 4. सही जोड़ियां बनाइए।

कॉलम (क)	कॉलम (ख)
i. मौर्य वंश	अ. सिक्कों का अध्ययन
ii. शुंग वंश	ब. हर्षचरित
iii. कुषाण	स. मेगस्थनीज
iv. नंद वंश	द. कुषाण
v. इंडिका	ई. कनिष्क
vi. प्रयागप्रस्ति	फ. कौटिल्य
vii. अर्थशास्त्र	ज. महापद्म
viii. देवपुत्र	ह. पुष्यमित्र
ix. मुद्रा शास्त्र	ए. चन्द्रगुप्त
x. बाणभट्ट	ड. हरिषेण

प्रश्न-5 एक शब्द या एक वाक्य में उत्तर दीजिए -

i. अशोक किस धर्म का अनुयायी था।

ii. मेगास्थनीज कौन था।

iii. इंडिका नामक पुस्तक किसने लिखी।

docs.aglasem.com

aglasem.com

iv. कौटिल्य द्वारा रचित अर्थशास्त्र की विषय वस्तु क्या हैं ।
v. सबसे पहले अभिलेख किस भाषा में लिखे गए।
vi. सिक्कों के अध्ययन को क्या कहते हैं।
vii. मौर्य काल में कर निर्धारण करने वाला सर्वोच्च अधिकारी कहलाता था।
viii. बड़े पैमाने पर सोने के सिक्के किनके द्वारा चलाए गए।
ix. राजगाह शब्द का अर्थ है।
x. अफगानिस्तान में मिले अशोक के अभिलेख किस लिपि में लिखे गए थे।

विश्लेषणात्मक प्रश्न **- 4 अंक**

प्रश्न 1. अतीत के पुननिर्माण में अभिलेख शास्त्रियों के समझ आई किन्हीं तीन समस्याओं को लिखिए?
प्रश्न 2. छठी शताब्दी ई.पू. के सिक्कों के अध्ययन से किस प्रकार इतिहासकारों को विभिन्न प्राचीन राज्य व्यवस्थाओं के बारे में जानकारी मिलने में सहायता मिली ? वर्णन कीजिए ।
प्रश्न 3. आप कैसे कह सकते है प्राचीनकाल में चाण्डालों की स्थिति काफी दयनीय थी ?
प्रश्न 4. महाजनपदों की प्रमुख विशेषताएं बताइए ?
प्रश्न 5. वर्णित (उत्तर वैदिक) काल में कृषि के तौर-तरीकों में किस हद तक परिवर्तन हुए ?
प्रश्न 6. प्राचीन काल के ग्रामीण समाज को समझने के लिए भूमि अनुदान संबंधी शिलालेख कैसे सहायक होते हैं?
प्रश्न 7. अशोक द्वारा अपने अधिकारियों और प्रजा को दिये गये संदेशो की वर्तमान संदर्भ में प्रासंगिकता सिद्ध कीजिए?
प्रश्न 8. आरंभिक भारतीय इतिहास में छठी शताब्दी ई.पू. को एक महत्वपूर्ण परिवर्तनकारी काल क्यो माना जाता है ? स्पष्ट कीजिए ।
प्रश्न 9. किन तरीकों से प्राचीन काल में राजा उच्च प्रतिष्ठा प्राप्त कर लेते थे ?
प्रश्न 10. ''पनपते हुए शिल्प और वाणिज्य तथा मुद्रा के बढ़ते प्रयोग ने मौर्यात्तर काल में उत्तर भार के नगरों की समृद्धि को प्रोत्साहित किया'' स्पष्ट कीजिए ।
प्रश्न 11. उत्तर मौर्य काल में विकसित राजत्व के विचारो की चर्चा कीजिए ?
प्रश्न 12. धर्म प्रवर्तक से आप क्या समझते हैं? अशोक ने बौद्ध धर्म के प्रचार के लिए क्या-क्या कार्य किए
प्रश्न 13. अशोक के धम्म से आप क्या समझते हैं ? उसके मूलभूत सिद्धांत लिखिए।
प्रश्न 14. लोहे के फाल के प्रयोग ने संपूर्ण उपमहाद्वीप में कृषि में क्रांतिकारी परिवर्तन ला दिया इस कथन की पुष्टि कीजिए?
प्रश्न 15. मौर्य वंश के बारे में जानने वाले ऐतिहासिक स्रोतों का वर्णन कीजिए।
प्रश्न 16. सरदार और सरदारी से आप क्या समझते हैं ? विस्तार से समझाइए।
प्रश्न 17. मौर्य प्रशासन की मुख्य विशेषताओं की व्याख्या कीजिए।
प्रश्न 18. सम्राट अशोक के शासन प्रबंध पर प्रकाश डालिए।
प्रश्न 19. प्राचीन काल में राजा किस प्रकार उच्च प्रतिष्ठा प्राप्त कर लेते थे।
प्रश्न 20. प्रभावती गुप्त द्वारा दंगुन गांव को दान दिए जाने के बारे में वर्णन कीजिए।
प्रश्न 21. महाजनपदों के विकास के साथ-साथ राजा और प्रजा के संबंध क्यों बिगड़ते चले गए ।
प्रश्न 22. 600 ई.पू.से 600 ईसवी तक किसानों द्वारा कृषि उत्पादकता को बढ़ाने के लिए अपनाए गए तरीकों को स्पष्ट कीजिए ।
प्रश्न 23. मौर्य राजवंश के अभिलेखों ने अशोक के धम्म के संदेश को किस प्रकार घोषित किया?

docs.aglasem.com
aglasem.com

विषय-3 बंधुत्व जाति तथा वर्ग
(आरंभिक समाज)
लगभग 600 ई.पू.से 600 ईसवी

माध्यमिक शिक्षा मंडल म.प्र.भोपाल द्वारा शैक्षिक सत्र 2022-23 हेतु जारी ब्लू प्रिंट अनुसार इस अध्याय से कुल 05 अंक के प्रश्न पूछें जायेंगे |जिसका विवरण निम्नानुसार हैं |

अंकवार प्रश्नों की संख्या				कुल अंक
वस्तुनिष्ठ प्रश्न 1 अंक	अति लघुउत्तरीय प्रश्न 2 अंक	लघुउत्तरीय प्रश्न 3 अंक	विश्लेष्णातमक प्रश्न 4 अंक	
2	-	1	-	5

स्मरणीय बिंदु-

* उपमहाद्वीप के सबसे समृद्ध ग्रंथों में से एक ' महाभारत ' महाकाव्य में विभिन्न सामाजिक श्रेणियों व परिस्थितियों का लेखा-जोखा हैं, जिसमें वर्तमान में 1 लाख से अधिक श्लोक है।
* महाभारत ग्रंथ की रचना लगभग 1000 वर्ष तक होती रही। (लगभग 500 ई.पू.से)
* इस ग्रंथ के कुछ भाग विभिन्न सामाजिक समुदायों के आचार-व्यवहार के मानदंड तय करते हैं |
* महाभारत की मुख्य कथा दो परिवारों के बीच हुए युद्ध का चित्रण है |
* 1919 ईस्वी में प्रसिद्ध संस्कृत विद्वान वी.एस.सुकंथाकर के नेतृत्व में एक अत्यंत महत्वाकांक्षी परियोजना शुरू हुई जिसमें अनेक विद्वानों ने मिलकर महाभारत का समालोचनात्मक संस्करण तैयार करने का जिम्मा उठाया।
* भारत के विभिन्न भागों में विभिन्न लिपियों में लिखी गई महाभारत की पांडुलिपियों को (संस्कृत सहित) एकत्रित किया गया।
* पांडुलिपियों में समान रूप से पाए गए श्लोकों का चयन करके उनका प्रकाशन 13000 पृष्ठों में फैले अनेक खण्ड ग्रंथो में किया गया।
* इस परियोजना को पूर्ण करने में लगभग 47 वर्ष लगे |
* पितृवंशिकता के अनुसार पिता की मृत्यु के पश्चात उसके पुत्र उसके संसाधनों व संपत्ति पर अधिकार जमा सकते थे।
* पितृवंश को आगे बढ़ाने के लिए पुत्र महत्वपूर्ण होते थे इस व्यवस्था में स्त्रियों को अलग तरह से देखा जाता था अर्थात उन्हें पैतृक संपत्ति में कोई अधिकार नहीं था।
* महाभारत के प्रमुख राजपरिवार कौरव और पांडव थे यह दोनों कुरु वंश से संबंधित थे और इनका एक ही जनपद हस्तिनापुर पर शासन था सत्ता के संघर्ष में पांडव विजयी हुये।
* पितृवंशिकता का अर्थ है वह वंश परंपरा जो पिता के पुत्र फिर पौत्र, प्रपौत्र आदि से चलती है।
* मातृवंशिकता का अर्थ वह वंश परंपरा जो मां से जुड़ी होती है।
* संस्कृत ग्रंथों में 'कुल' शब्द का प्रयोग परिवार के लिए और 'जाति' का प्रयोग बांधवों के बड़े समूह के लिए होता है।
* अंतरविवाह मैं वैवाहिक संबंध समूह के मध्य होते हैं यह समूह एक गोत्र, कुल अथवा एक जाति या फिर एक स्थान पर बसने वालों का हो सकता है।
* गोत्र या कुल से बाहर विवाह करने को बहिर्विवाह कहते हैं।
* एक पुरुष की अनेक पत्नियां होने की सामाजिक परिपाटी को बहुपत्नी प्रथा कहते थे।
* एक स्त्री के अनेक पति होने की सामाजिक परिपाटी को बहुपति प्रथा कहते थे।
* एक ब्राह्मणीय पद्धति जो लगभग 1000 ईसा पूर्व के बाद में प्रचलन में आई खासतौर से ब्राह्मणों को गोत्रों में वर्गीकृत करने की थी।
* प्रत्येक गोत्र एक वैदिक ऋषि के नाम पर होता था उस गोत्र के सदस्य ऋषि के वंशज माने जाते थे।

docs.aglasem.com
aglasem.com

* विवाह के पश्चात स्त्रियों को पिता के स्थान पर पति के गोत्र को माना जाता था।
* एक ही गोत्र के सदस्य आपस में विवाह संबंध नहीं रख सकते थे।
* धर्म शास्त्रों में विवाह के 8 प्रकार थे।
* मृच्छकटिकम् नामक नाटक के रचियता शूद्रक थे।
* समाज में वर्ण व्यवस्था थी ब्राह्मण ,क्षत्रिय, वैश्य और शूद्र चार वर्ण थे।
* शवों की अंत्येष्टि और मृत पशुओं को छूनेबालों को चांडाल कहा जाता था उन्हें वर्ण व्यवस्था वाले समाज में सबसे निम्न कोटि में रखा जाता था।

प्रश्न 1 सही विकल्प चुनकर लिखिए –

i. वी. एस. सुकंथाकर कौन थे?
अ. डॉक्टर ब. पुरातत्वविद
स. संस्कृत विद्वान द. इतिहासकार

ii. महाभारत का समालोचनात्मक अध्ययन करने के लिए विद्वानों ने महत्वाकांक्षी परियोजना कब प्रारंभ की?
अ. 1909 में ब. 1919 में
स. 1990 में द. 1991 में

iii. निम्नलिखित भाषाओं में से सामान्य लोग किस भाषा का इस्तेमाल करते थे?
अ. हिंदी ब. उर्दू
स. संस्कृत द. प्राकृत

iv. वर्णों के कितने प्रकार थे ?
अ. 1 ब. 2
स. 3 द. 4

v. मनु स्मृति कब लिखी गई?
अ. 100 ई.पू. से 100 ई. ब. 200 ई.पू से 200 ई.
स. 300 ई.पू से 300 ई. द. 400 ई.पू से 400 ई.

vi. जो लोग संस्कृत भाषा नहीं बोलते थे उन्हें कहा गया?
अ. शक ब. चांढाल
स. मलेच्छ द. निशाद

vii. महाभारत का समालोचनात्मक संस्करण परियोजना किसके नेतृत्व में तैयार की गई?
अ. ऋषि व्यास ब. बाल्मीकि
स. वी..एस.सुकथांकर द. व्ही.एस.शर्मा

viii. महाभारत का समालोचनात्मक संस्करण तैयार करने वाली परियोजना को पूर्ण होने में कितना समय लगा?
अ. 47 वर्ष ब. 40 वर्ष
स. 45 वर्ष द. 42 वर्ष

ix. बहुपति विवाह प्रणाली किस में प्रचलित थी?
अ. शकों में ब. सातवाहनों में
स. पांडवों में द. उपरोक्त सभी में

x. मृच्छकटिकम् नामक नाटक के रचनाकार थे?
अ. अश्वघोष ब. शुद्रक
स. हरिषेण द. उपरोक्त में से कोई नहीं

प्रश्न 2 रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए ।

i. संस्कृत ग्रंथों में कुल शब्द का प्रयोग ----------के लिए किया जाता है।
ii. शवों की अंत्येष्टि और मृत पशुओं को छूने वालों को --------कहा जाता था।

docs.aglasem.com
aglasem.com

iii. --------ने युधिष्ठिर को द्यूत क्रीड़ा के लिए आमंत्रित किया।
iv. मनुस्मृति के अनुसार पैतृक जायदाद में हिस्सेदारी --------थी।
v. महाभारत में ------श्लोकों की संख्या थी।
vi. महाभारत का सबसे महत्वपूर्ण उपदेशात्मक अंश ------है।
vii. कहानियों का संग्रह -------- में होता है।
viii. महाभारत में उल्लेखित हस्तिनापुर -------- में स्थित है।
ix. -------- ने महाभारत की रचना की?

प्रश्न 3 निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर सत्य /असत्य में दीजिए-

i. धर्म सूत्र की रचना 500 से 200 BCE में की गई 1
ii. महाभारत का समालोचनात्मक संस्करण तैयार करने में 46 वर्ष लगे।
iii. गोत्र परंपरा में प्रत्येक गोत्र का नाम एक ऋषि के नाम पर होता है1
iv. धर्म शास्त्रों में पांच प्रकार के विवाह का वर्णन किया गया है1
v. मनुस्मृति के अनुसार पिता की संपत्ति में पुत्री का पुत्र के बराबर अधिकार होता है।
vi. गुरु द्रोण ने गुरु दक्षिणा के रूप में एकलव्य से उसके दाहिने हाथ का अंगूठा मांग लिया था।
vii. एक ही गोत्र और जाति में विवाह करने वाला बहर विवाह कहलाता है।
viii. वर्ण व्यवस्था का मुख्य आधार जाति था।
ix. कुंती दुर्योधन की मां थी।
x. घटोत्कच भीम का पुत्र था|

प्रश्न 4 सही जोडी बनाइए-

कॉलम (क)	कॉलम (ख)
i. महाभारत	अ. जन्म से 25 वर्ष तक
ii. भगवत गीता	ब. अश्वघोष
iii. मातंग	स. पाणिनी
iv. वर्ण व्यवस्था	द. राजा की सेवा के बदले दिए जाने वाली कीमत
v. ब्रह्मचर्य आश्रम	इ. एक बौधिसत्व जिन्होंने चांडाल के रूप में जन्म लिया
vi. कर	फ. वेदव्यास
vii. अष्टाध्यायी	ज. मनुष्य का विभाजन
viii. बुद्धचरित्	ह. महाभारत का उपदेशात्मक अंश

प्रश्न 5 एक शब्द या एक वाक्य में उत्तर दीजिए।

i.पितृवंशिकता का क्या अर्थ है।
ii.अंतर्विवाह का क्या अर्थ है।
iii.पुराणों की संख्या कितनी है
iv.वर्ण व्यवस्था किस पर आधारित थी?
v. कुंती कौन थी?
vi. धर्म ग्रंथों के अनुसार संस्कारों की संख्या कितनी बताई गई है?
vii. महाभारत किस भाषा में लिखा गया ग्रंथ है?
viii. पिटक कितने हैं?

docs.aglasem.com
aglasem.com

ix. महात्मा बुध के पूर्व जन्मों की कथाएं किस में संकलित हैं?

x. महाभारत किसके द्वारा लिखा गया?

लघु उत्तरीय प्रश्न- **3 अंक**

प्रश्न 1. रेशम के बुनकरों की सामाजिक स्थिति क्या थी वर्णन कीजिए।

प्रश्न 2. पितृवंशिकता तथा वंशिकता में अंतर स्पष्ट कीजिए।

प्रश्न 3. महाकाल काल में संपत्ति का अधिकार का मुख्य आधार क्या था?

प्रश्न 4. बहुपति विवाह तथा बहूपत्नी विवाह में क्या अंतर है? स्पष्ट कीजिए।

प्रश्न 5. आरंभिक समाज के आर्थिक जीवन पर प्रकाश डालिए

प्रश्न 6. महाभारत को एक प्रगतिशील ग्रंथ क्यों कहा गया है ?स्पष्ट कीजिए?

प्रश्न 7. मनुस्मृति में चाण्डालों के क्या कर्तव्य बताये गये हैं ?

प्रश्न 8. कौरव और पाण्डवों के मध्य युद्ध के क्या कारण थे ?

प्रश्न 9. जाति व्यवस्था के कोई तीन दोष बताइए ?

प्रश्न 10. आरंभिक समाज के आर्थिक जीवन पर प्रकाश डालिए ?

प्रश्न 11. महाभारत की मुख्य तथा पारिवारिक संबंधों का विश्लेषण करती है प्रमाण सहित इस कथन को स्पष्ट कीजिए?

प्रश्न 12. आरंभिक काल में महिलाओं की स्थिति का वर्णन कीजिए?

प्रश्न 13. चीन से आए बौद्ध भिक्षुओं ने पांचवीं शताब्दी में निम्न जातियों के लिए क्या नियम थे वर्णन कीजिए?

प्रश्न 14. क्या प्रारंभिक राज्यों में राजा केवल क्षत्रिय थे चर्चा कीजिए?

प्रश्न 15. प्रारंभिक समाजों में लिंग भेद कितने महत्वपूर्ण थे? कारण सहित समझाइए

प्रश्न 16. आरंभिक समाज ई०पू० 600 से 600 ई. तक की पितृवंशिकता व्यवस्था के आदर्श और विवाह के नियमों का वर्णन कीजिए?

प्रश्न 17. शास्त्रों के अनुसार केवल क्षत्रिय राजा हो सकते थे यह बात सार्वभौमिक रूप से स्वीकार नहीं है सिद्ध करने के लिए प्रमाण प्रस्तुत कीजिए।

प्रश्न 18. चांडाल कौन थे?चीनी यात्रियों के अनुसार उनके विषय में क्या लिखा गया है।

प्रश्न 19. महाभारत एक गतिशील ग्रंथ है? विस्तार से समझाइए।

प्रश्न 20. संपत्ति में भागीदारी से क्या अभिप्राय है संपत्ति में भागीदार कौन-कौन किस प्रकार होता था?वर्णन कीजिए ।

प्रश्न 21. महाभारत कालीन भारतीय समाज की प्रमुख समस्याएँ क्या थी ?

प्रश्न 22. प्राचीनकाल में सम्पत्ति के स्ववामित्व के संदर्भ में महिलाओं की स्थिति की व्याख्या कीजिए ?

प्रश्न 23. कुल और जाति में अंतर स्पष्ट कीजिए ?

प्रश्न 24. सातवाहन शासकों के अंतर्गत माताएं किस प्रकार महत्वपूर्ण मानी जाती थी? उदाहरण दीजिए ।

प्रश्न 25. लोगों को गोत्रों में वर्गीकृत करने की ब्राह्मणीय पद्धति की व्याख्या कीजिए ?

docs.aglasem.com

aglasem.com

विषय 4 - विचारक विश्वास और इमारतें

(सांस्कृतिक विकास 600 ई. पू. से 600 ई. तक)

माध्यमिक शिक्षा मंडल म.प्र.भोपाल द्वारा शैक्षिक सत्र 2022-23 हेतु जारी ब्लू प्रिंट अनुसार
इस अध्याय से कुल 07 अंक के प्रश्न पूछें जायेंगे |जिसका विवरण निम्नानुसार हैं |

अंकवार प्रश्नों की संख्या				कुल अंक
वस्तुनिष्ठ प्रश्न 1 अंक	अति लघुउत्तरीय प्रश्न 2 अंक	लघुउत्तरीय प्रश्न 3 अंक	विश्लेषणातमक प्रश्न 4 अंक	
4	-	1	-	7

स्मरणीय बिंदु-

* भोपाल राज्य के प्राचीन अवशेषों में सबसे अद्भुत सांची कनखेड़ा की इमारते हैं।
* भोपाल से 20मील उत्तर-पूर्व की तरफ एक पहाड़ी की तलहटी में बसा यह गांव (सांची) रायसेन जिले में आता है।
* भोपाल के शासकों शाहजहां बेगम और उनकी उत्तराधिकारी सुल्तानजहां बेगम ने सांची के स्तूपों के रखरखाव के लिए अनुदान दिया।
* सुल्तानजहां बेगम ने सांची में एक संग्रहालय और एक अतिथिशाला बनाने के लिए भी अनुदान दिया।
* फ्रांसीसी और अंग्रेज अधिकारी सांची के पूर्वी तोरण द्वार को अपने-अपने देश ले जाना चाहते थे परंतु शाहजहां बेगम के समझाने पर वह इसकी प्रतिकृति से संतुष्ट हो गए जो प्लास्टर ऑफ पेरिस से बनाई गई थी इस प्रकार मूल कृति भोपाल राज्य में अपने स्थान पर ही बनी रही।
* सांची को विश्व धरोहर स्थान घोषित किया गया 1989 में।
* सन 1814 ई.में इंडियन म्यूजियम कोलकाता की स्थापना हुई।
* ऋग्वेद में अग्नि, इंद्र , सोम आदि कई देवताओं की स्तुति सुक्तों का संग्रह है यज्ञों के समय इन सुक्तों का उच्चारण किया जाता था और लोग पुत्र , मवेशी स्वास्थ्य , लंबी आयु आदि के लिए प्रार्थना करते थे।
* बुद्ध के बचपन का नाम सिद्धार्थ था वह शाक्य कबीले के सरदार शुद्धोधन के पुत्र थे इनका जन्म लुंबिनी वन में हुआ
* महात्मा बुद्ध की शिक्षाओं को उनके अनुयायियों द्वारा त्रिपिटक में संग्रहित किया गया।
* कुटागार शाला का शाब्दिक अर्थ- नुकीली छत वाली झोपड़ी । यह ऐसे उपवनों में होती थी जहां घुमक्कड़ मनीषी ठहरा करते थे।
* समकालीन बौद्ध ग्रंथों में हमें 64 संप्रदायों या चिंतन परंपराओं का उल्लेख मिलता है।
* शिक्षक एक जगह से दूसरी जगह घूम-घूम कर अपने दर्शन या विश्व के विषय में अपनी समझ को लेकर एक दूसरे से तथा सामान्य लोगों से तर्क वितर्क करते थे।
* यदि शिक्षक अपने प्रतिद्वंदी को अपने तर्कों से समझा लेता था तो वह अपने अनुयायियों के साथ उसका शिष्य बन जाता था।
* बुध और महावीर ऐसे शिक्षक हुए जो वेदों के प्रभुत्व पर प्रश्न उठाते थे।
* त्रिपिटक का शाब्दिक अर्थ- तीन टोकरियाँ है।
* विनय पिटक में संघ या बौद्ध मठों में रहने वाले लोगों के लिए नियमों का संग्रह हैं।
* सुत्तपिटक में गौतम बुद्ध की शिक्षाएं हैं।

docs.aglasem.com
aglasem.com

* दर्शन से जुड़े विषय अभिधम्म पिटक में रखे गए हैं।
* स्तूप का संस्कृत अर्थ टीला हैं, जहाँ बुद्ध से जुड़े महत्वपूर्ण अवशेष रखे गए।
* गौतम बुद्ध के जीवन से जुडी कुछ महत्वपूर्ण जगह-
  1. जन्म स्थान- लुम्बिनी 2. ज्ञान प्राप्ति स्थल- बोधगया
  3. प्रथम उपदेश स्थल- सारनाथ तथा 4. निर्वाण प्राप्ति स्थल- कुशीनगर
* अमरावती- सन 1796 में एक स्थानीय राजा मंदिर बनाने के लिए स्थान खोज रहा था तो उसे अमरावती में स्तूप के अवशेष मिले, इस प्रकार अमरावती अमरावती में स्तूप खोज अचानक हुई।
* वैष्णव परंपरा में भगवान विष्णु को अपने आराध्य देव के रूप में माना जाता है।
* शैव परंपरा में शिव को आराध्य के रूप में माना जाता है।
* आरंभिक मंदिर एक चौकोर कमरे के रूप में होते थे जिन्हें गर्भ ग्रह कहा जाता था उसमें एक दरवाजा होता था जिससे होकर उपासक मूर्ति पूजा करने अंदर जा सकता था।
* गर्भ ग्रह के ऊपर धीरे-धीरे एक ऊंचा ढांचा बनाया गया जिसे शिखर कहा जाता था।
* आठवीं शताब्दी में कैलाश मंदिर का निर्माण पहाड़ियों को काटकर किया गया था।

प्रश्न 1. सही विकल्प चुनकर लिखिए –

i. अधिकांश बौद्ध ग्रंथ किस भाषा में लिखे गए-
   अ. पाली ब. संस्कृत
   स. चीनी द. तिब्बती

ii. गुंटुर आंध्र प्रदेश के कमिश्नर ने अमरावती की यात्रा कब की-
   अ. 1850 ई. में ब. 1853 ई. में
   स. 1854 ई. में द. 1855 ई. में

iii. सांची के बौद्ध स्तूप की खोज कब की गई
   अ. 1964 ई. में ब. 1950 ई. में
   स. 1818 ई. में द. 1820 ई. में

iv. महात्मा बुद्ध को निर्वाण प्राप्त हुआ-
   अ. 605 BC ब. 486 BC
   स. 483 BC द. 470 BC

v. सांची कनखेड़ा क्या है।
   अ. एक गांव ब. एक व्यापारिक केंद्र
   स. एक शहर द. उपरोक्त में से कोई नहीं।

vi. ऋग्वेद में किन देवताओं का उल्लेख मिलता है1
   अ. अग्नि ब. इंद्र
   स. सोम द. उपरोक्त सभी

vii. त्रिपिटक का संबंध किस धर्म से है।
   अ. जैन ब. बौद्ध
   स. हिंदू द. उपरोक्त में से कोई नहीं

viii. सांची को विश्व धरोहर सूची में कब घोषित किया गया
   अ. 1950 में ब. 1714 में
   स. 1814 में द. 1989 में

ix. जॉन मार्शल की बुक मैनुअल कंजर्वेशन का प्रकाशन कब हुआ
   अ. 1925 में ब. 1714 में
   स. 1923 में द. 1989 में

x. गांधार कला किससे संबंधित है

docs.aglasem.com
aglasem.com

अ. बौद्ध धर्म से ब. जैन धर्म से
स. शैव धर्म से द. वैष्णव धर्म से

प्रश्न 2 रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए।

i. जॉन मार्शल ने सांची पर लिखे अपने महत्वपूर्ण ग्रंथों को ---------समर्पित किया।
ii. महात्मा बुद्ध की शिक्षाएं------- पिटक में रखी गई है।
iii. महात्मा बुद्ध का जन्म ---------- में हुआ था।
iv. अजंता की गुफाएं ----में स्थित है।
v. ऐसी महिलाएं जिन्होंने निर्माण प्राप्त कर लिया है ----------कहलाती थी
vi. समकालीन बौद्ध ग्रंथों में हमें संप्रदायों -------का उल्लेख मिलता है।
vii.जैन मान्यता के अनुसार जन्म और पुनर्जन्म का चक्र --------के द्वारा निर्धारित होता है।
viii. जैन धर्म में -----तीर्थंकर हुए हैं।
ix.महात्मा बुद्ध ने बौद्ध संघ में महिलाओं के प्रवेश की अनुमति--------के समझाने पर दी थी।

प्रश्न 3 . निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर सत्य /असत्य में दीजिए ।

i. भारतीय म्यूजियम कोलकाता की स्थापना सन 1814 ईस्वी में हुई थी।
ii. प्रारंभिक वैदिक परंपराएं लगभग 1500 से 1000 ई०पू० की है।
iii. स्तूप का संस्कृत में अर्थ टीला होता है।
iv. जैन धर्म के 2 संप्रदाय में बांटा गया है।
v. बुद्ध के उपदेशों का संकलन विनय पिटक में हैं।
vi. जैन धर्म के 24वें तीर्थंकर पार्श्वनाथ है।
vii. ब्राह्मी लिपि बाई ओर से दाएं और लिखी जाती थी ।
viii. जैन आगम प्राकृत भाषा में लिखे गए हैं।
ix. नालंदा विश्वविद्यालय की स्थापना कुमारगुप्त प्रथम ने की थी।

प्रश्न 4 सही जोड़ियां बनाइए-

	कॉलम (क)	कॉलम (ख)
i.	गौतम बौद्ध	अ. जातक
ii.	जैन धर्म	ब. 1818 ई.
iii.	स्तूप	स. सिद्धार्थ
iv.	बुद्ध के प्रिय शिष्य	द. आनंद
v.	सांची की खोज	इ. टीला
vi.	बुद्ध के पूर्वजन्म की कथाएं	फ. ऋषभदेव

प्रश्न 5 एक शब्द या एक वाक्य में उत्तर दीजिए ।

i. राजसूय और अश्वमेध जैसे जटिल यज्ञ कौन करते थे।
ii. सांची का स्तूप कहां स्थित है।
iii. फ्रांसीसीयों ने सांची के तोरण द्वार को फ्रांस के संग्रहालय में ले जाने के लिए किससे इजाजत मांगी ।
iv. जैन धर्म के संस्थापक कौन थे।

docs.aglasem.com
aglasem.com

v. शेषनाग पर आराम करते हुए विष्णु की सबसे ऊंची/बड़ी प्रतिमा कहां स्थित है।

vi. सुदर्शन झील का जीर्णोद्धार किसने करवाया था।

vii. उपनिषदों की कुल संख्या कितनी है।

viii. महात्मा बुद्ध ने अपना प्रथम उपदेश कहां दिया।

लघु उत्तरीय प्रश्न **3 अंक**

प्रश्न 1. स्तूपों की खोज कैसे हुई? समझाइए

प्रश्न 2. मंदिरों का निर्माण किस प्रकार हुआ समझाइए?

प्रश्न 3. जैन धर्म की प्रमुख विशेषताएं लिखिए?

प्रश्न-4. त्रिपिटक की तीन विशेषताएं लिखिए?

प्रश्न-5. हीनयान और महायान में अंतर लिखिए ।

प्रश्न-6. अमरावती का स्तूप क्यों नष्ट हो गया? समझाइए1

प्रश्न-7. उपासना के प्रतीक से आप क्या समझते हैं? समझाइए

प्रश्न-8. बौद्ध संघों में भिक्खु (भिक्षु) और भिक्खुनी (भिक्षुणी) के लिए क्या नियम थे? समझाइए

प्रश्न-9. बुद्ध के जीवन में लुम्बिनी व कुशीनगर स्थान का क्या महत्व है ।

प्रश्न-10. 'सांची के स्तूप का गौरव आज भी विधमान है, जबकि अमरावती नष्ट हो गया ' । उक्त कथन की व्याख्या कीजिए ।

प्रश्न-11. बौद्ध धर्म संसार में तेजी से क्यों और कैसे फैला ? विश्लेषण कीजिए ।

प्रश्न-12. महात्मा बुद्ध के जीवन से संबंधित चार प्रमुख स्थलों का संक्षेप में वर्णन कीजिए ?

प्रश्न-13. स्तूपो का निर्माण क्यों और कैसे करवाया गया ? समझाइए ।

प्रश्न-14. सांची के बौद्ध स्तूपों के संरक्षण में भोपाल की बेगमों की भूमिका की चर्चा कीजिए?

प्रश्न-15. सांची की मूर्ति कला को समझने में बौद्ध साहित्य के ज्ञान से कहां तक सहायता मिलती है?

प्रश्न-16. लिंगायत कौन थे सामाजिक एवं धार्मिक क्षेत्र में उनके योगदान की व्याख्या कीजिए ।

प्रश्न-17. बौद्ध धर्म के चार आर्य सत्य क्या है ? सविस्तार व्याख्या कीजिए ।

प्रश्न-18. अशोक के धर्म की कोई चार विशेषताएं लिखिए ।

प्रश्न-19. स्तूप की संरचना को विस्तार से समझाइए ?

प्रश्न-20. महात्मा बुद्ध के किन्ही तीन उपदेशों को लिखिए ?

docs.aglasem.com

aglasem.com

भारतीय इतिहास के कुछ विषय भाग-2

विषय-5 यात्रियों के नजरिए

समाज के बारे में उनकी समझ

(लगभग दसवीं से सत्रहवीं सदी तक)

माध्यमिक शिक्षा मंडल म.प्र.भोपाल द्वारा शैक्षिक सत्र 2022-23 हेतु जारी ब्लू प्रिंट अनुसार इस अध्याय से कुल 05 अंक के प्रश्न पूछें जायेंगे |जिसका विवरण निम्नानुसार हैं |

अंकवार प्रश्नों की संख्या				कुल अंक
वस्तुनिष्ठ प्रश्न 1 अंक	अति लघुउत्तरीय प्रश्न 2 अंक	लघुउत्तरीय प्रश्न 3 अंक	विश्लेषणातमक प्रश्न 4 अंक	
3	1	-	-	5

स्मरणीय तथ्य :-

1. महिलाओं और पुरुषों ने कार्य की तलाश में,आपदाओं से बचाव के लिए व्यापारियों, सैनिकों, पुरोहितों,और तीर्थ यात्रियों के रूप में या फिर साहस की भावना से प्रेरित होकर यात्राएं की ।
2. हमारे पास महिला यात्रियों द्वारा छोड़े गए वृतांत न के बराबर हैं।
3. पंद्रहवीं शताब्दी के विजय नगर का सबसे महत्वपूर्ण विवरण हेरात के अब्दुर रज़्ज़ाक़ समरकन्दी का है।
4. अल-बिरूनी ग्यारहवीं शताब्दी में उज्बेकिस्तान से आया था।
5. इब्नबतूता चौदहवीं शताब्दी में मोरक्को से आया था।
6. फ्रांस्वा बर्नियर सत्रहवीं शताब्दी में फ्रांस से आया था।
7. अल-बिरूनी सीरियाई, फ़ारसी, हिब्रू, संस्कृत आदि भाषाओं का जानकार था।
8. 'किताब-उल-हिन्द' अल-बिरूनी की रचना है, जो अरबी भाषा में लिखी गयी थी।
9. मापतंत्र विज्ञान मापने के विज्ञान से संबंध रखता है।
10. हिन्दू शब्द का प्रयोग सिंधु नदी के पूर्व में रहने वाले लोगों के लिए किया जाता था।
11. अल-बिरूनी ने पतंजलि के ग्रंथ महाभाष्य का अरबी भाषा में अनुवाद किया।
12. उसने यूनानी गणितज्ञ यूक्लिड की पुस्तकों का संस्कृत में अनुवाद किया।
13. 'रिहला' इब्नबतूता का यात्रा वृतांत है।
14. इब्नबतूता पुस्तकों के स्थान पर यात्राओं से अर्जित अनुभव को ज्ञान का अधिक महत्वपूर्ण स्तोत्र मानता था।
15. इब्नबतूता 1333 ई॰ में सिंध पहुंचा था।]
16. मुहम्मद तुगलक ने इब्नबतूता को दिल्ली का काजी नियुक्त किया था।
17. 1342 में मुहम्मद तुगलक ने इब्नबतूता को मंगोल शासक से मिलने चीन जाने का आदेश दिया ।
18. इब्नबतूता के अनुसार मुल्तान से दिल्ली की दूरी 40 दिन में, सिंध से दिल्ली 50 दिन में, दौलताबाद से दिल्ली 40 दिन में,और ग्वालियर से दिल्ली की दूरी 10 दिन में तय की जा सकती है ।
19. इतालवी चिकित्सक मनूकी भारत में ही बस गया था।
20. फ्रांसीसी फ़्रांस्वा बर्नियर के चिकित्सक, राजनीतिक दार्शनिक,और इतिहासकर था।
21. इब्नजुजाई नामक व्यक्ति को इब्नबतूता के यात्रा विवरणों को लिखने का कार्य दिया गया था।
22. महमूद वली बल्खी 1620 में भारत यात्रा की और कुछ समय के लिए सन्यासी भी बन गया।
23. जेसूइट रॉबर्टो नोबिली ने भारतीय ग्रन्थों का यूरोपीय भाषाओं में अनुवाद किया।

docs.aglasem.com

aglasem.com

24. दुआर्ते बरबोसा ने दक्षिण भारतीय व्यापार और समाज का विस्तृत वर्णन किया है।
25. फ्रांसीसी जौहरी ज्यों-बेपटिस्ट तैवर्नियर ने छः बार भारत की यात्रा की ।
26. ज्यों-बेपटिस्ट तैवर्नियर ने व्यापार क्षेत्र में भारत की तुलना ईरान और ऑटोमन साम्राज्य से की। ' **ट्रैवल्स इन द मुगल एंपायर** ' फ़्रांस्वा बर्नियर की रचना है।
27. बर्नियर ने मुगल सेना के साथ कूच करने के अपने अनुभवों का वर्णन किया है।
28. फ़्रांस्वा बर्नियर ने नीबू का शर्बत और दही की लस्सी को भारत में सबसे ताजगी वाली वस्तु के रूप में वर्णित किया है।
29. शेख इतिसमुद्दीन और मिर्ज़ा अबुतालिब ने 1750 ई॰ के बाद यूरोप की यात्रा की।
30. उसने अपना यात्रा वर्णन की प्रमुख कृति को फ्रांसीसी शासक लुई 14 वे को समर्पित किया था।
31. अल-बिरूनी ने संस्कृत को विशाल पहुँच वाली भाषा के रूप में वर्णित किया है।
32. भाषा, धार्मिक अवस्था और अभिमान को अल-बिरूनी ने समझ में सबसे बड़ी बाधा बताया है।
33. अल-बिरूनी ने भारतीय समाज को समझने के लिए वेदों, पुराणों आदि से अंश उद्धृत किए।
34. इब्नबतूता ने पान की बेल का वर्णन अंगूर लता के रूप में किया।
35. दौलताबाद में पुरुष और महिला गायकों के लिए ताराबबाद नामक एक बाजार का वर्णन इब्नबतूता ने किया है।
36. इब्नबतूता ने दिल्ली को भारत में सबसे बड़ा शहर बताया।
37. इब्नबतूता के वर्णन में बदायूं दरवाजा को दिल्ली के 28 दरवाजों में सबसे बड़ा बताया गया है।
38. अब्दुर रज़्ज़ाक़ ने कालीकट के लोगों को एक विचित्र देश बताया।
39. उलूक-अश्व डाक व्यवस्था थी।
40. दावा-पैदल डाक व्यवस्था थी।
41. पेलसर्ट नामक डच यात्री ने भी भारत की गरीबी का वर्णन किया है।
42. बर्नियर ने अपने वर्णन में भारतीय समाज में मध्यम वर्ग की उपस्थिति से इंकार किया है।
43. बारह वर्षीय बालिका के सती होने का वर्णन बर्नियर ने किया है।
44. बर्नियर ने बताया है की सारे विश्व में संचलन के पश्चात सोना चाँदी भारत में आने के बाद कुछ हद तक खो जाता है।
45. मुगल इतिहासकर अबुल फज़ल ने भूमि राजस्व को राजत्व का पारिश्रमिक बताया है।
46. महाजनों के समूह का मुखिया नगर सेठ कहलाता था।
47. निकितिन एक रूसी यात्री था,जो 1466 ई॰ में भारत आया था।
48. बारबोसा 1518 ई॰ में भारत आया यह एक पुर्तगाली यात्री था।
49. मांटेस्क्यू नामक फ्रांसीसी दार्शनिक ने बर्नियर के वृतांत का प्रयोग अपने प्राच्य निरंकुशवाद के सिद्धान्त को विकसित करने में किया।

प्रश्न 1. सही विकल्प चुनकर लिखिए –

i. विजयनगर का सबसे महत्वपूर्ण विवरण किस यात्री ने दिया?
(अ) अब्दुर रज़्ज़ाक़ (ब) मार्कोपोलो
(स) निकितिन (द) निकोलोकोंटी

ii. यूक्लिड की रचनाओं का संस्कृत भाषा में अनुवाद निम्न में से किस विद्वान ने किया।
(अ) अबुल फज़ल (ब) अल-बिरूनी
(स) इब्नबतूता (द) फैज़ी

iii. किस शासक ने इब्नबतूता को दिल्ली का काज़ी नियुक्त किया?
(अ) मुहम्मद तुगलक (ब) फिरोज तुगलक
(स) गियासुद्दीन तुगलक (द) अलाउद्दीन खिलजी

iv. किस यात्री ने दक्षिण भारतीय व्यापार और समाज का विस्तृत वर्णन किया है ?
(अ) दुआर्ते बरबोसा (ब) अब्दुर रज़्ज़ाक़
(स) बर्नियर (द) निकोलोकोंटी

docs.aglasem.com
aglasem.com

v. इतालवी यात्री जो भारत में ही बस गया।

(अ) मनूकी (ब) मार्कोपोलो

(स) निकोलो कोंटी (द) लुडोविको डी बर्थेम

प्रश्न 2. रिक्त स्थान की पूर्ति कीजिये-

i. रिहला .....की रचना है । (इब्नबतूता/ अल-बिरूनी)

ii. तैवर्नियर ने .....बार भारत की यात्रा की। (छः/ चार)

iii. **ट्रैवल्स इन द मुगल एंपायर** .....की रचना है। (बर्नियर/ तैवर्नियर)

iv. संस्कृत को विशाल पहुँच वाली भाषा के रूप में .....ने वर्णित किया है। (अल-बिरूनी/इब्नबतूता)

v. बर्नियर की तरह ही.....ने भी भारत की गरीबी का वर्णन किया है।(पेलसर्ट/ निकोलोकोंटी)

प्रश्न 3. एक शब्द / एक वाक्य में उत्तर दीजिए -

i. अल-बिरूनी किन भाषाओं का जानकार था?

ii. माप तंत्र विज्ञान क्या है?

iii. हिन्दू शब्द का प्रयोग किसके लिए किया गया ?

iv. फ़्रांस्वा बर्नियर कौन था?

v. किस दार्शनिक ने बर्नियर के वृतांत का उपयोग अपने सिद्धान्त में किया?

प्रश्न 4. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर सत्य/असत्य में उत्तर दीजिए -

i. इब्नबतूता यात्राओं के अनुभव को ज्ञान का महत्वपूर्ण स्तोत्र मानता था।

ii. जेसूइट रॉबर्टो नो बिली ने भारतीय ग्रन्थों का अनुवाद किया।

iii. तैवर्नियर ने मुगल सेना के साथ कूच के अपने अनुभव को साझा किया है।

iv. तारावबाद नामक बाजार का वर्णन अल-बिरूनी ने किया है।

v. सती प्रथा का वर्णन निकितिन ने किया है।

प्रश्न 5. सही जोड़ी बनाइए_ -

कॉलम (क)	कॉलम (ब)
i. अल-बिरूनी	(अ) उज्बेकिस्तान
ii. इब्नबतूता	(ब) मोरक्को
iii. ज्यों बेपटिस्ट तैवर्नियर	(स) फ्रांसीसी
iv. किताब-उल-हिन्द	(द) अल-बिरूनी
v. बरबोसा	(इ) पुर्तगाली

अति लघुउत्तरीय प्रश्न : - **2 अंक**

प्रश्न 1. अल-बिरूनी गजनी कैसे पहुंचा?

प्रश्न 2. अल-बिरूनी के अनुवाद कार्य का वर्णन कीजिये ।

प्रश्न 3. अल-बरूनी अपने लेखन में जिस विशिष्ट शैली का प्रयोग करता है, उसका वर्णन कीजिये।

प्रश्न 4. अल-बिरूनी ने भारत का वृतांत लिखने में आने वाले किन अवरोधों के बारे में वर्णन किया है?

प्रश्न 5. भारत आने से पहले इब्नबतूता कौन सी यात्राएं कर चुका था?

प्रश्न 6. चीन के विषय में इब्नबतूता के यात्रा वर्णन की तुलना किसके वृतांत से की जाती है?

प्रश्न 7. इब्नबतूता ने लंबी यात्राओं की किस परेशानी का वर्णन किया है?


प्रश्न 8. मुहम्मद हाजिन भारत से घृणा क्यों करने लगा था ?

docs.aglasem.com

aglasem.com

प्रश्न 9. ज्यों-बेपटिस्ट तैवर्नियर के भारत वर्णन को लिखिए।
प्रश्न 10. इब्नबतूता किन भारतीय वानस्पतिक उपजों के बारे में नहीं जानता था?
प्रश्न 11. इब्नबतूता ने भारतीय शहरों को किन लोगों के लिए उपयुक्त बताया ?
प्रश्न 12. फ़्रांस्वा बर्नियर कौन था?
प्रश्न 13.अब्दुर रज़्ज़ाक़ द्वारा मंगलोर में स्थित मंदिर के बारे में क्या विवरण दिया गया ?
प्रश्न 14. उलूक और दावा से आप क्या समझते हैं?
प्रश्न 15. बर्नियर का शिविर नगरों से क्या तात्पर्य था?
प्रश्न 16. किताब-उल-हिन्द में वर्णित विषयों का संक्षिप्त वर्णन कीजिये।
प्रश्न 17. हिन्दू शब्द का अर्थ स्पष्ट कीजिये।
प्रश्न 18. रिहला से भारतीय इतिहास की क्या जानकारी प्राप्त होती है?
प्रश्न 19. इब्नबतूता की चीन यात्रा का वर्णन कीजिये।
प्रश्न 20. फ़्रांस्वा बर्नियर का मुगल परिवार से क्या संबंध था?
प्रश्न 21. अल-बिरूनी ने संस्कृत के बारे में क्या वर्णन किया है?
प्रश्न 22. इब्नबतूता ने नारियल और पान के बारे में क्या जानकारी दी?
प्रश्न 23. इब्नबतूता ने बाजार का वर्णन किस प्रकार किया है?
प्रश्न 24. बर्नियर ने राजकीय कारखानों का क्या वर्णन किया है?
प्रश्न 25. दास प्रथा के संबंध में मध्यकालीन यात्रियों के क्या विचार थे ? चर्चा कीजिए
प्रश्न 26. सती प्रथा के संबंध में बर्नियर के विवरण की समीक्षा कीजिये।
प्रश्न 27. निम्नलिखित को भारत के मानचित्र पर प्रदर्शित कीजिये।

i. देहली
ii. मालाबर तट
iii. अरब सागर
iv. बंगाल की खाड़ी



